लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बैशाख कृष्ण पक्ष प्रतिपदा विक्रम संवत 2082

# अमृत विचार

वर्ष 6, अंक 142, पृष्ठ 14+4, मूल्यः 6 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

बरेली, रविवार, 13 अप्रैल 2025

PAGE NO : 07 MIDDLE

# मिशन एकेडमी और विद्या वर्ल्ड की शानदार जीत

- श्रीराम मूर्ति मेमोरियल इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट में शनिवार को हुए दो मैच

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचारः** श्रीराम मूर्ति मेमोरियल इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन सिक्स के चौथे दिन शनिवार को दो मैच हुए। मिशन एकेडमी ने राधामाधव को 163 रन और विद्या वर्ल्ड ने सोबतीज को 125 रन से हराया।

श्रीराम मूर्ति स्मारक क्रिकेट स्टेडियम में आयोजित मैच में मिशन एकेडमी के कप्तान असद नद्दफ ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। टीम ने निर्धारित 20 ओवर में 211 रन बनाए। राधा माधव पब्लिक स्कूल की टीम बड़े स्कोर के दबाव में शुरुआत से ही लड़खड़ा गई और पूरी टीम 12.3 ओवर में 48 रन पर सिमट गई। इसमें भी 13 रन अतिरिक्त रहे। असद नद्दफ को नाबाद 128 रन बनाने पर मैन आफ द मैच चुना गया। नॉकआउट मैच में दोपहर 12 बजे सोबतीस पब्लिक स्कूल और विद्या वर्ल्ड स्कूल की टीमों के बीच मैच हुआ। टॉस जीतकर विद्या वर्ल्ड स्कूल के कप्तान अमन कुमार ने पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। टीम ने निर्धारित 20 ओवर में पांच विकेट के नुकसान पर 210 रन बनाए। सोबतीज पब्लिक स्कूल की टीम ने 13.5 ओवर में तीन विकेट पर 83 रन बना लिए लेकिन 85 रन तक पहुंचते-पहुंचते अगली 12 गेंदों में सोबतीज के छह बल्लेबाज आउट हो गए। टीम 16 ओवर में 85 रन बना सकी और विद्या वर्ल्ड ने 125 रन से मैच जीता। एक ओवर में पांच विकेट लेने वाले विद्या वर्ल्ड के लकी को मैन आफ द मैच चुना गया।



असद को मैन ऑफ द मैच देते अतिथि।